# मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी में शोक: 20 वर्षीय मादा तेंदुआ की मौत, प्रबंधन ने दो दिन बाद दी जानकारी

सतना।

**प्रसिद्ध मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी से एक दुखद समाचार सामने आया है। सफारी की पहचान और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रही 20 वर्षीय मादा तेंदुआ की मृत्यु हो गई है। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, 20 वर्ष की आयु किसी तेंदुए के लिए काफी अधिक मानी जाती है, जो कि उसकी लंबी जीवन यात्रा को दर्शाती है।**

### पन्ना से मुकुंदपुर का सफर

इस मादा तेंदुआ को साल 2020 में पन्ना टाइगर रिजर्व से मुकुंदपुर लाया गया था। पिछले कुछ दिनों से तेंदुआ सुस्त थी और उसने भोजन करना भी कम कर दिया था। सफारी की मेडिकल टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही थी। 2 और 3 जनवरी की दरमियानी रात करीब 3 बजे उसने दम तोड़ दिया। हैरानी की बात यह रही कि सफारी प्रबंधन ने इस घटना की जानकारी सार्वजनिक करने में दो दिन का समय लिया।



### उम्रजनित कमजोरी बनी कारण

सफारी प्रबंधन के मुताबिक,मादा तेंदुआ की मृत्यु का प्राथमिक कारण उम्र संबंधी बीमारियां और कमजोरी मानी जा रही है। एक सामान्य तेंदुआ जंगल में औसतन 12 से 15 साल जीता है,लेकिन संरक्षित वातावरण में इस मादा तेंदुआ ने 20 साल का लंबा जीवन जिया।



### पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार

सफारी के अधिकारियों ने बताया कि प्रोटोकॉल के तहत मृत मादा तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम कर दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो पाएगी। पोस्टमार्टम के बाद सफारी परिसर में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस मादा तेंदुआ के जाने से न केवल सफारी प्रबंधन बल्कि वहां आने वाले वन्यजीव प्रेमी भी काफी दुखी हैं।

## खबर संक्षेप

### ओवर टेक के चक्कर में लगा भीषण जाम



**सतना।** शहर के कल्याण पेट्रोल पंप के सामने एक बस चालक की लापरवाही से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस चालक ने आगे निकलने की होड़ में बस को गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में डाल दिया। इस गैर-जिम्मेदाराना कदम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और पेट्रोल पंप के सामने काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही।

### रिश्वत लेते सीसीएच का वीडियो वायरल, भ्रष्टाचार के घेरे में धान खरीदी केंद्र

**सतना।** अमरपाटन में नागरिक आपूर्ति निगम के धान खरीदी केंद्र में पदस्थ सीसीएच विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है,जिसमें उन्हें कथित तौर पर रिश्वत लेते देखा जा सकता है। गौरतलब है कि उक्त कर्मचारी पर हाल ही में किसानों से निर्धारित मात्रा से ढाई किलो ज्यादा धान लेने का आरोप भी लग चुका है। इस वीडियो के सामने आने के बाद विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

### मैहर में नए साल की पार्टी के लिए रिश्तेदार ने ही की चोरी, पुलिस ने दबोचा

**मैहर।** 'घर का भेदी लंका ढाए' वाली कहावत मैहर के कटरा बाजार में सच साबित हुई। 31 दिसंबर को एक महिला ने घर से चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। चोरी करने वाला कोई बाहरी नहीं बल्कि महिला का सगा रिश्तेदार ही निकला। आरोपी ने नए साल की पार्टी मनाने के लिए सोने के जेवरातों पर हाथ साफ किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

### गुरुद्वारा नानक दरबार में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व मनाया गया

**सतना।** सिटी कोतवाली के पीछे स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार में दसवें गुरु,श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब महाराज जी का 359वां पावन प्रकाश पर्व अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम 3 जनवरी से शुरू हुए अखंड पाठ साहिब की आज सुबह समाप्ति हुई। कीर्तन दीवान कटनी से पधारे रागी जत्था भाई महेंद्र सिंह जी ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। कार्यक्रम के अंत में गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

### 27 मार्च को निकलेगी भव्य श्रीराम नवमी शोभायात्रा

**सतना।** हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में इस वर्ष श्रीराम नवमी शोभायात्रा 27 मार्च को निकाली जाएगी। यह इस आयोजन का 22वां वर्ष है। कालीबाड़ी मंदिर प्रांगन में आयोजित बैठक में आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए 9 नए शक्ति केंद्रों का गठन किया गया है। बैठक में महापौर योगेश ताम्रकार, अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी,संयोजक जितेंद्र जैन सहित कई वरिष्ठ सदस्य शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने संकल्प लिया कि शक्ति केंद्रों के माध्यम से नगर के हर घर तक जनसंपर्क कर इस आयोजन को जन-जन का उत्सव बनाया जाएगा।

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए जालंधर रवाना हुईं प्रांसी कुशवाहा

**सतना।** होनहार खिलाड़ी प्रांसी कुशवाहा 69वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पंजाब के जालंधर/लुधियाना रवाना हो गई हैं। प्रांसी ने हाल ही में सागर में आयोजित स्कूल गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर के लिए अपनी जगह पक्की की थी। प्रतिस्पर्धा: वह अंडर-14 वर्ष के 29 किलोग्राम वजन वर्ग में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रांसी पिछले तीन वर्षों से जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव डॉ.संदीप भारती से निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनकी इस सफलता पर खेल प्रेमियों और संघ के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में संतुष्टिपूर्ण प्रतिशत बढायें-कलेक्टर

## कमजोर परफारमेंस पर रामपुर बघेलान, बिरसिंहपुर,कोटर तहसीलदार को नोटिस





सतना।

**कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। राजस्व विभाग में कम संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए रामपुर बघेलान,बिरसिंहपुर और कोटर तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। सोमवार को कलेक्टर ने समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर-कमिश्नर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं सहित रेल्वे, राष्ट्रीय राजमार्ग,एनवीडीए,जल संसाधन,पावर ग्रिड,पीडब्ल्यूडी ब्रिज, एयरपोर्ट सहित नगरीय निकायों के अंतरविभागीय समन्वय के विषयों पर भी समीक्षा की।**

इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह,सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम राहुल सिलाडिया,बीके मिश्रा,एलआर जांगडे,जितेन्द्र वर्मा,सुमेश द्विवेदी,उपायुक्त नगर निगम सत्यम मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कलेक्टर-कमिश्नर कान्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन में विभागवार समीक्षा की। नामांतरण के 229 प्रकरण 6 माह से अधिक समय के लंबित पाये जाने पर इनका तत्काल समयावधि में निराकृत करने के निर्देश दिये। सीएम हेल्पलाइन में राजस्व विभाग में संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत 42 प्रतिशत तहसील मझगवां और सबसे कम 11 प्रतिशत बिरसिंहपुर का पाया गया। कलेक्टर ने कमजोर परफारमेंस पर रामपुर बघेलान, कोटर और बिरसिंहपुर तहसीलदार को नोटिस जारी के निर्देश दिये। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में संतोषजनक प्रगति नहीं मिलने पर जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला प्रबंधक नान, जिला आबकारी अधिकारी, सभी कनष्ठि आपूर्ति अधिकारी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, सहायक श्रमायुक्त,जिला पंजीयक सहकारिता, जिला अस्पताल के डीपीएम,विकास खण्ड के बीपीएम और बीएमओ रामपुर बघेलान, नागौद, उचेहरा, मझगवां को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। महिला बाल विकास में सैम और मैम बच्चों के प्रबंधन में सतना जिले का नाम बाटम में रहने पर कलेक्टर ने इसमें सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को स्वास्थ्य और पोषण की समीक्षा बैठक और जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली जायेगी। कलेक्टर ने खाद वितरण एवं राशन वितरण की भी समीक्षा की। नर्मदा घाटी विकास बरगी नहर के समन्वय संबंधी निर्देशों में कलेक्टर ने कहा कि नागौद तहसील में सतना-पन्ना रेलखण्ड और बरगी नहर के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता में है। बरगी नहर के अवार्ड हेतु शेष प्रकरण अगले सप्ताह तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। कलेक्टर ने एसडीएम नागौद को निर्देशित किया कि बुधवार सहित सप्ताह में दो दिन नर्मदा घाटी विकास के दोनों कार्यपालन यंत्री,एसडीओ,उपयंत्री और ठेकेदार की बैठक लेकर समीक्षा करें। रेल्वे और बरगी नहर निर्माण कार्य में तेजी लाये। लोक निर्माण विभाग ब्रिज के एसडीओ द्वारा भू अर्जन शाखा में फाइल भेजकर अनुवर्ती पहल नहीं किये जाने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की।

# नागौद में अज्ञात शिकारियों ने नील गाय को मारी गोली, वन विभाग जांच में जुटा

सतना।

**नागौद वन वृत्त के कोलाड़ गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है,जहां अज्ञात शिकारियों ने एक नीलगाय की गोली मारकर हत्या कर दी। कार्रवाई: सूचना मिलते ही रेंज ऑफिसर पूर्वी सिंह और वन अमले ने शव को कब्जे में लिया। जिला वन मंडलाधिकारी मयंक चांदीवाल के निर्देश पर डॉक्टरों की टीम ने मौके पर पोस्टमार्टम किया।**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा कि किस बोर के हथियार और कितनी दूरी से गोलीचलाई गई है। फिलहाल वनविभाग की टीम फरार शिकारियों की तलाश में आस-पास के गांवों में पूछताछ कर रही है।




# अमरपाटन में नो-एंट्री में घुसा ट्रेलर, बीच सड़क खड़ी कार ने बढ़ाई मुसीबत

**अमरपाटन** अमरपाटन की यातायात व्यवस्था एक बार फिर चरमरा गई। आज उस वक्त लंबा जाम लग गया जब नो-एंट्री के बावजूद एक भारी-भरकम ट्रेलर शहर के भीतर घुस आया। वहीं,बीच सड़क पर खड़ी एक कार ने आग में घी का काम किया,जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है।



# यातायात पुलिस की तत्परता : मैहर

## ओवर ब्रिज पर खराब हुई बस, टला बड़ा जाम



मैहर।

शहर के सबसे व्यस्ततम ओवरब्रिज पर आज सुबह उस वक्त अफरा-तफरी की स्थिति बन गई जब एक यात्री बस अचानक खराब हो गई। बस के चारों पहिए जाम होने के कारण उसे टोचन (खींचना) करना भी मुश्किल हो रहा था,जिससे ब्रिज पर वाहनों की लंबी कतारें लगने की संभावना पैदा हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यातायात प्रभारी विक्रम पाठक तत्काल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल ट्रैफिक मैनेजमेंट शुरू किया। जाम को रोकने के लिए पुलिस ने 30-30 सेकंड की पालियों में 'अप और डाउन' के वाहनों को बारी-बारी से निकाला। करीब 2 घंटे तक चले इस रेस्क्यू और ट्रैफिक कंट्रोल ऑपरेशन के दौरान यातायात बाधित नहीं होने दिया गया। पुलिस की इस तत्परता और कुशल प्रबंधन को देखकर राहगीरों और वाहन चालकों ने मैहर पुलिस की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद दिया।

### मैहर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 34 मवेशियों से लदा ट्रक जप्त,तीन तस्करों पर मामला दर्ज

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में ताला थाना पुलिस ने मवेशी तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। मुकुंदपुर चौकी प्रभारी ने नाकाबंदी कर एक टाटा **DCM** ट्रक (**MP** 53 **GA** 4361) को पकड़ा,जिसमें 28 पड़वा और 6 भैंसें क्रूरतापूर्वक ठूंसकर भरी गई थीं। जप्त ट्रक और मवेशियों की कुल कीमत करीब 20.50 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से चालक अल्ताफ खान और साथी इलताक खान (निवासी सीधी) को गिरफ्तार किया। वाहन स्वामी मुबारक खान को भी आरोपी बनाया गया है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और मध्य प्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी महेंद्र कुमार मिश्रा और नागेश्वर प्रसाद मिश्रा की टीम द्वारा की गई।

# 'रोजगार पर्व-2026' का आगाज़: युवाओं को योग्यता के आधार पर मिलेंगे नौकरी के अवसर



सतना।

मध्य प्रदेश क्षेत्रीय युवाओं को उनकी योग्यता,कौशल और रुचि के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांसद गणेश सिंह के मार्गदर्शन में 'सतना रोजगार पर्व-2026' का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य रोजगार मेले के माध्यम से जिले के प्रतिभावान युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों से जुड़ने का सीधा अवसर प्राप्त होगा।

### पंजीकरण से चयन तक की प्रक्रिया

सांसद गणेश सिंह ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि इस अभियान को सुव्यवस्थित रूप से चलाने के लिए एक निश्चित समय-सारणी तैयार की गई है।ऑनलाइन पंजीकरण 4 जनवरी 2026 से 15 जनवरी 2026 तक होगा। युवा yuvautthanseva.org पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। सुविधा के लिए क्यूआर (QR) कोड की व्यवस्था भी की गई है। 16 से 18 जनवरी के बीच प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी। 20 एवं 21 जनवरी 2026 को एकेएस यूनिवर्सिटी,सतना के परिसर में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे।

### 9 प्रमुख क्षेत्रों की 50 से अधिक कंपनियां होंगी शामिल

इस रोजगार मेले में देश की 50 से अधिक नामी कंपनियां भाग ले रही हैं। मुख्य रूप से लॉजिस्टिक्स एवं ई-कॉमर्स रिटेल और फिनटेक एपेरल सेक्टर (कपड़ा, सिलाई,डिजाइनिंग,पैकेजिंग और ब्रांडिंग) इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमोटिव हेल्थकेयर और हॉस्पिटैलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी आदि।

### बेहतर समन्वय के लिए अलग व्यवस्था

सांसद ने स्पष्ट किया कि नौकरी चाहने वाले युवाओं और नौकरी देने वाली कंपनियों (नियोक्ताओं) के बीच बेहतर तालमेल बिठाने के लिए अलग-अलग पंजीकरण प्रक्रिया अपनाई गई है। इस पूरे अभियान में 'उत्थान सेवा फाउंडेशन' और 'सेफ एजुकेशन' द्वारा तकनीकी सहयोग और राष्ट्रीय-बहुराष्ट्रीय कंपनियों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

### आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम

सांसद गणेश सिंह के अनुसार, यह रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और क्षेत्रीय विकास को गति देने के लिए एक सशक्त मंच साबित होगा। युवाओं तक जानकारी पहुँचाने के लिए सभी आईटीआई, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# खबर संक्षेप

## संचार संकर्म समिति की बैठक 7 जनवरी को

**कटनी।** संचार संकर्म समिति की बैठक का आयोजन 7 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभागार में किया जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल विकास निगम, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 2 वर्ष में कराये गये निर्माण कार्यों की समीक्षा की जायेगी। संचार संकर्म समिति के सचिव ने बैठक मे सभापति अजय कुमार गौटिया सहित सदस्य संचार संकर्म समिति जिला कटनी सर्व श्रीमती शीला सिंह, सुश्री माला मौसी, श्रीमती कविता पंकज राय के साथ-साथ सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को मौजूद रहने का आग्रह किया है।

## किसान 9 जनवरी तक करा लें स्लॉट बुक

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान के विक्रय के लिये 9 जनवरी तक स्लॉट बुक कर लेने का आग्रह किया गया है, ताकि उन्हें अपनी उपज के समर्थन मूल्य पर विक्रय में किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा जारी धान उपार्जन नीति के क्रियान्वयन की मानक प्रक्रिया के अनुसार किसानों द्वारा अपनी उपज के विक्रय के लिए उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर ही स्लॉट बुक किये जा सकेंगे तथा बुक किये गये स्लॉट की वैधता अवधि सात कार्य दिवस होगी। इसे देखते हुये जिले के सभी किसानों से 9 जनवरी तक धान विक्रय के लिए अपना स्लॉट बुक करने कहा गया है। किसानों को स्लॉट बुकिंग में यदि कोई समस्या आ रही हो तो वे उन समस्याओं के निराकरण के लिये खाद्य विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों से उनके मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## समाधान योजना के प्रथम चरण की अवधि में किया विस्तार

**कटनी।** मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी 2026 कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

## भागवत कथा में भक्त प्रहलाद का सुनाया प्रसंग

**कटनी।** रीठी के ग्राम खम्हरिया नं. 1 में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास शीतल संत मुरारीदास महाराज ने भक्त प्रह्लाद प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी वर्णन किया। कथा के दौरान महाराज ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम के मंत्र का श्रवण किया था, जिसके प्रभाव से उनके समस्त कष्ट दूर हो गए। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मानव में कर्तव्यबोध जागृत करता है और जीवन को धर्ममय दिशा प्रदान करता है। भगवान श्रीकृष्ण की पावन लीलाओं का भी सुंदर चित्रण किया गया। कथा व्यास ने कहा कि बचपन में दिए गए संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं, इसलिए बच्चों को प्रारंभ से ही धर्म और आध्यात्म का ज्ञान देना चाहिए। उन्होंने ध्रुव प्रह्लाद जैसे महान बाल भक्तों का उदाहरण देते हुए बताया कि अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को मात्र पांच वर्ष की आयु में भगवान के दर्शन प्राप्त हुए और उन्हें 36 हजार वर्षों तक राज्य भोगने का वरदान मिला।

# श्मशान के लिये सीसी रोड निर्माण की मांग, ग्राम की जनता की प्रमुख जरूरत

मरणोपरांत जब शमसान की जरूरत याद आती है वहां मार्ग न मिले तो क्या हालात हों वहीं नगरों में सर्व सुविधायुक्त शमसान बनाये जा रहे पर गांव में मार्ग की दरकार, म0प्र0 सरकार के मुखिया व पंचायत मंत्री की सोच समस्त पंचायत मुख्यालय व गांवों में शमसान व सीसी सड़क दोनों के निर्माण पर जोर जो फिर आम जनता की यह मांग कब होगा गौर बारिस के पहले शमसान के मार्ग में सीसी सड़क की प्रमुख जरूरत बनी हुयी है।



पन्ना

जिले के अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत फरस्वाहा मुख्यालय में जहां प्राचीन समय से केन नदी के किनारे जहां शमसान में लोगों का मरणोपरांत अंतिम संस्कार जो किया जाता था इस मार्ग में जहां पंचायत के जल निकास के नाले का पानी व बारिस के पानी ने इस मार्ग को खाई में तब्दील कर दिया था मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर अवरूद्ध हो चुका था। विगत माह दिसम्बर में जब इस मार्ग पर नजर उससमय गई जहां केन नदी के किनारे अंतिम संस्कार को लेकर गांव के ही बुजुर्ग स्व0 षिवरतन त्रिपाठी जो प्रदेष टुडे ब्यूरो चीफ करण त्रिपाठी के पिता थे जिनकी अंतिम इच्छा अपने गांव में ही केन नदी के किनारे अंतिम संस्कार को लेकर सम्पन्न कराने के लिये जो पूरी करनी थी पर केन नदी में शमसान के लिये पहुंचना कठिन चुनौती भरा मार्ग था किसी तरह दूसरे मार्ग से लगभग 3 कि0मी0 दूरी तय करते हुये किसानों के खेतों से केन नदी के किनारे पहुंचकर अंतिम संस्कार किया गया। वहीं इस मार्ग को लेकर सभी गांव वासियों ने जरूरत को लेकर सबने ठाना शमसान का मार्ग जरूरी है जो प्राचीन समय में था जिस पर कहीं न कहीं अतिक्रमण भी कायम था केन नदी के किनारे प्राचीन भगवान भोलेनाथ का स्थान जहां विषालकाय बरगद का वृक्ष जिसमें मरणोपरांत प्राणी के षिकहरे गांधे जाते हे वहीं लोगों के सुद्धता के बाल भी प्राचीन समय से बनते आते थे जो लगभग 5 वर्ष से पूरी तरह से मार्ग न होने के कारण अवरूद्ध हो चुके थे इन हालातों पर तत्काल सभी ग्रामीणों ने मिलकर इस मार्ग के निर्माण में सहयोग की भूमिका निभाते हुये ग्राम पंचायत सरपंच के सहयोग से तत्काल जे0सी0बी0 चलवाकर मार्ग जो खाई में तब्दील था मार्ग के अगल-बगल के किसानों ने अपनी जमीन की परवाह न करते हुये मिट्टी प्रदान करवाई जो पूर्व का मार्ग था उसमें मिट्!टी डली पंचायत के द्वारा मुरम डाली गई कुछ दूर तक जिससे सुद्धता के दिन उसी प्राचीन बरगद के वृक्ष के नीचे सुद्धता के बाल बन सकें पर अब प्रबल जरूरत इस शमसान मार्ग को बनाये रखने के लिये सीसी सड़क निर्माण की समस्त ग्रामीणों की प्रमुख मांग बन गई क्योंकि बारिस के पहले अगर इस शमसान मार्ग में सीसी सड़क का निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो पुनः यह मार्ग बारिस के पानी के कारण कटाव के चलते पूर्व हालात में पुनः हो जायेगा। जहां आवागवन पुनः बंद हो जायेगा इस मार्ग में वहीं बारिस के समय भी जब इसकी जरूरत होगी तो कैसे मरणोपरांत लोगों के अंतिम संस्कार होंगे इस लिये प्रमुख जरूरत शमसान मार्ग में सीसी सड़क निर्माण की समस्त ग्रामीणों की बनी हुई है। आखिर कैसे बने सीसी सड़क जिससे अंतिम संस्कार तो केन नदी के किनारे लोगों के सम्पन्न हो सकें जो प्राचीन समय से होते आये है।

**इनका कहना है -**

शीघ्र ही इस शमसान मार्ग के सीसी सड़क निर्माण को लेकर स्टीमेट बनवाये जाने को लेकर कार्यवाही की जायेगी ताकि बारिस के पहले सीसी सड़क का निर्माण कराया जा सके।
कलेक्टर, ऊषा परमार

# शिक्षक आकाश जोशी ने अपनी माता की स्मृति में स्कूली बच्चों को बांटे गर्म कपड़े



**पन्ना।** नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी ध्येय को चरितार्थ करते हुए पन्ना शहर के मोहन निवास चर्च के समीप निवासरत शिक्षक आकाश जोशी ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने अपनी स्वर्गीय माताजी की पुण्य स्मृति में शासकीय माध्यमिक शाला अकोला के समस्त छात्र-छात्राओं को कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़ों का वितरण किया। विद्यालय में आयोजित एक सादे कार्यक्रम के दौरान श्री जोशी ने बच्चों को स्वेटर व अन्य गर्म वस्त्र भेंट किए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि बच्चों की सेवा और उनकी मुस्कुराहट में ही वे अपनी माताजी का आशीर्वाद देखते हैं। उनके इस परोपकारी कार्य की विद्यालय स्टाफ और स्थानीय नागरिकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उपस्थित जनों ने श्री जोशी के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य और उन्नति की कामना की, ताकि वे भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहें।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत बेहतर रैंकिंग के संबंध में निरंतर रूप से अपेक्षित प्रयास कर स्थिति में सुधार लाने तथा तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से प्रकरणों के उचित निराकरण के लिए कलेक्टर ने किया निर्देशित

पन्ना



कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में लंबित विभागवार शिकायतों व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत बेहतर रैंकिंग के संबंध में निरंतर रूप से अपेक्षित प्रयास कर स्थिति में सुधार लाने तथा तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से प्रकरणों के उचित निराकरण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समस्त विभाग ए श्रेणी रैंक के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास करें। समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों के निराकरण की समीक्षा सहित टीएल और जनसुनवाई पत्रों के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए गए। साथ ही शासन के महत्वपूर्ण पत्रों का भी समय सीमा में विधिवत तरीके से निराकरण के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक में आरटीओ को निरंतर रूप से वाहनों की फिटनेस व अन्य जरूरी जांच के लिए निर्देशित किया। साथ ही हेलमेट की अनिवार्यता का सख्ती से पालन कराने तथा पेट्रोल पम्प पर बगैर हेलमेट के पेट्रोल विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के पुनः निर्देश भी दिए। उन्होंने जिले में धान भण्डारण व परिवहन के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान निकायवार खाद्यान्न आवंटन के बारे में भी पूछा और प्रत्येक माह की 20 तारीख तक शत प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार को स्वयं एवं पटवारी व राजस्व निरीक्षक के माध्यम से शासकीय उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण, पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों के बेहतर उपचार व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी सतत निरीक्षण व मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। इस मौके पर खजुराहो में आगामी हीरा नीलामी की कार्रवाई संपन्न कराने के संबंध में भी आवश्यक तैयारी के लिए निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने गत कलेक्टर-कमिश्नर कांन्फ्रेंस के विभागवार बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा सहित पन्ना की भांति अन्य नगरीय निकायों में गीता भवन के लिए जमीन के चिन्हांकन, विकासखण्डवार समग्र आईडी की प्रगति, आयुष्मान कार्डधारी गंभीर मरीजों को एयर एम्बुलेंस सुविधा का लाभ प्रदान करने, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की जांच सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए आवश्यक प्रयास के निर्देश भी दिए।

# नव वर्ष के प्रथम सप्ताह में एसडीएम, तहसीलदार व थाना प्रभारी का सम्मान उनकी सेवाओं को ध्यान में रखकर ग्राम पंचायत की आम जनता ने सराहा नवाजा गया सम्मान से





**पन्ना।** कर्म क्षेत्र में जहां सेवाओं का आंकलन निष्चिततौर पर आम जनता जो करतरी है उससे कहीं न कहीं यह माना जाता है कि अधिकारी की कार्यप्रणाली जनता के हितार्थ ही होती है ऐसी ही दास्तां नव वर्ष के प्रथम सप्ताह में जहां जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा में सिद्धनाथ के स्थान में जहां आम जनता का भरोसा अपने अधिकारियों के प्रति उनकी सेवाओं को लेकर सामने आया है। अजयगढ़ तहसील के एसडीएम आलोक मार्को तथा तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार वहीं थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर इन अधिकारियों को सम्मान से फूल माला पहनाकर जहां आने वाले समय को ध्यान में रखकर जिस तरह से अभी तक आम जनता के लिये सेवायें मिली वहीं इस वर्ष भी इसी उम्मीद के साथ आपकी भावना आम जनता के कल्याण को लेकर जानी जाये। वहीं एसडीएम तहसीलदार व थाना प्रभारी का सम्मान जहां नव वर्ष में डायरी व पेन प्रदान करते हुये किया गया है यहां इनके कार्य क्षेत्र में ही इनकी सेवाओं का आंकलन आम जनता से चर्चा व कई बार सुर्खियों में इनकी कार्यप्रणाली भी सामने आई। दैनिक राष्ट्रीय हरिभूमि ने जहां इनकी सेवाओं का भी कई बार जो चर्चाओं में तो आया ही साथ ही कार्य प्रणाली के बाद उनकी पड़ताल भी की गई। शासन की बेसकीमती जमीन अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने में तहां तहसील प्रषासन के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका निष्चिततौर पर महत्वपूर्ण मानी जाती है जो शासन के हित में कार्य किये गये वहीं थानाप्रभारी बखत सिंह ठाकुर जिनकी संवेदनषीलता व सादगी के साथ-साथ आम जनता के लिये सदैव समर्पित भावना से कहीं भी किसी भी समय साइकिल से ही सही पहुंच जाना तथा अपराध मुक्त समाज के लिये जागरूक करते हुये जहां जुआ तथा नषे से दूर रहने के लिये समय-समय पर असमायिक पहुंचकर इस तरह की बुराईयों से समाज में जहां सभी के लिये जो घातक है उसके लिये प्रेरणा देने का कार्य किया तथा न्याय की प्रथम सीढी जो थाना से होकर गुजरती है वहां भी लोगों को भरोसा कायम हुआ इस तरह से कई मामलों में जहां उम्मीद पुलिस पर होती है जब अपनों से कोई गुम जाता है उस समय उसकी दस्तयाबी को लेकर पुलिस की ओर जो उम्मीद बनती है और पुलिस के द्वारा तत्परता से कार्यवाही के बाद खुषी वापस होती है वहीं आम जनता का भरोसा पुलिस में थाना प्रभारी की कार्य प्रणाली से कायम हुआ निष्चित ही हमारे जिले के लिये ऐसे कर्तव्यषील अधिकारियों को उन्हें सम्मान से नवाजा जाना गौरव की बात है क्योंकि कार्यों का मूल्यांकन आम जनता के भरोसा से ही माना जाता है जो यहां ग्ा्रम की जनता के सामने सिद्ध स्थल सिद्धनाथ में नजर आया।

# नगर में बिकने जा रही जलाऊ लकड़ी को वन विभाग ने किया जप्त, हुआ बवाल

## वन परिक्षेत्रअधिकारी की समझाइश के बाद मानी महिलाएं




**पवई।** पवई नगर के कन्या शाला के पास सुबह उस समय गहमा गहमी का माहौल बन गया जब आदिवासी महिलाओं के द्वारा नगर में बेचने जा रही जलाऊ लकड़ी को वन विभाग टीम के द्वारा जप्त कर लिया किया गया, जिसके बाद महिलाएं कुछ देर के लिए सड़क पर भी बैठी, और वन विभाग पर आक्रोश व्यक्त करते हुए नारेबाजी करने लगी इसके बाद महिलाएं वन विभाग के कार्यालय पहुंची जहां पर वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल के द्वारा महिलाओं को समझाइस देते हुए आगे से जंगल में पेड़ काटकर लकड़ी को नगर में न बेचने की बात करते हुए कहा कि यह दंडनीय अपराध है।उन्होंने कहा कि जंगल की सूखी लकड़ी जलाने के लिये उपयोग कर सकती है,उन्होंने महिलाओं को समझाया कि जंगल हमारी और आपकी साझा संपत्ति है इसे हमें बचाकर रखना है, समझाइस के बाद आदिवासी महिलाओ की लकड़ी दे दी गई जिससे महिलाएं वापस अपने घर चली गई।

# कलेक्टर ने कक्षा नर्सरी से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए घोषित किया दो दिवस का अवकाश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने वर्तमान में तापमान में गिरावट व ठण्ड के कारण एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत पन्ना जिले के समस्त विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से 8वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 6 एवं 7 जनवरी को अवकाश घोषित किया है।

जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों सहित केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालय, सीबीएसई, अनुदान प्राप्त विद्यालय व अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में दो दिवस का अवकाश रहेगा, जबकि कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं पूर्व निर्धारित समयानुसार लगेंगी तथा परीक्षाएं भी समय सारणी अनुसार संचालित होंगी। शाला के समस्त शिक्षक व अन्य कर्मचारी समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यालय के अन्य कार्यों का निर्वहन करेंगे।




# देवेंद्रनगर के बाजारों पर बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती रही पुलिस रही नदारत लोग होते रहे परेशान



**पन्ना।** गनेश त्योहार के चलते देवेंद्रनगर के बाजारों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ के कारण मुख्य बाजार मार्गों पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात ये रही कि इतनी भारी भीड़ और जाम के बावजूद मौके पर न तो स्थानीय प्रशासन नजर आया और न ही पुलिस प्रशासन। यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई रही जाम में फंसे आम लोग, महिलाएं और बुजुर्ग अव्यवस्था से परेशान होते रहे। वाहन रेंगते नजर आए, वहीं कई जगहों पर स्थिति पूरी तरह अस्त-व्यस्त रही। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई।

# अमानगंज पुलिस की तत्परता से चोरी गई मोटर साइकिल बरामद

अमानगंज

नगर के पुरानी बस स्टैंड से चोरी गई मोटरसाइकिल को अमानगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिपरवाह बाईपास के पास लावारिस हालत में बरामद कर लिया।



बरामद मोटरसाइकिल को पुलिस ने फरियादी कृष्णा गिरी निवासी टाइ को सुपुर्द कर दिया। उल्लेखनीय है कि बीते एक दिन पूर्व पुरानी बस स्टैंड से मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आई थी, जिस पर अमानगंज थाना में अपराध क्रमांक 05/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह कार्रवाई थाना प्रभारी रवि जादौन के नेतृत्व में की गई। मोटरसाइकिल की तलाश एवं बरामदगी में उप निरीक्षक डी.पी. मिश्रा एवं प्रधान आरक्षक राम भगत पांडे का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस की इस तत्परता से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** जिला अभियोजन संचालनालय पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 03.08.2020 के प्रातः 9:45 बजे फरियादी देवी सिंह राजगौड़ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अजयगढ़ में देहाती नालसी रिपोर्ट इस आशय की लेख करायी कि दिनांक 02.08.2020 को करीब शाम 05:00 बजे उसके पिता प्रहलाद सिंह हीरापुर पन्ना से हमारे घर औरेया आए तथा गजराज सिंह बोले कि तुमने नसीम भाईजान पन्ना वालों के पैसे अभी तक वापस क्यों नहीं किए तो इस पर गजराज ने कहा कि अभी उसके पास पैसे नहीं है वह मजदूरी करके पैसे वापस कर देगा। इसी बात पर उसके पिता प्रहलाद तथा भाई गजराज का विवाद हो गया था, तब जाते समय पिता प्रहलाद ने गजराज से कहा कि तुझे देख लूंगा। उक्त घटना के पश्चात सभी लोग खाना खाकर रात में सो गए थे तथा भाई गजराज आंगनबाड़ी केन्द्र के बाहर खटिया पर सोया हुआ था। रात्रि लगभग 1:00 बजे उसे गाली-गलौज की आवाज सुनायी दी। आवाज सुनकर वह तथा उसकी मां एवं भाई विकम आए तथा घर के बाहर लगे खंबे की लाइट के उजाले में देखा कि पिता प्रहलाद व उनके साथ हीरापुर टपरियन पन्ना का राजेन्द्र सिंह यादव था। राजेन्द्र सिंह यादव अपने हाथ में बंदूक लिए था तथा पिता प्रहलाद ने राजेन्द्र सिंह से कहा कि यही है गजराज इसे जान से मार दो, इस पर राजेन्द्र सिंह ने जान से मारने की नीयत से बंदूक से गजराज पर फायर किया, जब उसने राजेन्द्र सिंह को ललकारा तो राजेन्द्र सिंह मादरचोद गुड़वा आओ तुम्हे भी देखते है तब राजेन्द्र सिंह ने उसे भी जान से मारने की नियत से बंदूक से उस पर फायर किया तो वह बचकर अंधेरे की तरफ भाग कर छिप गया। जाते समय राजेन्द्र यादव मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर बोला कि अगर हमारी रिपोर्ट किए तो तुम लोगों को भी निपटा देंगे। आरोपीगण के जाने के बाद जब हमने गजराज को देखा तो उसके दाहिने तरफ गोली लगने से खून बह रहा था तथा वह बोल नहीं पा रहा था, लेकिन उसकी सांस चल रही थी। उसके पश्चात मोटर साइकिल की व्यवस्था कर अपने छोटे भाई विकम के साथ गजराज को मोटर साइकिल में बैठाकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल अजयगढ़ लेकर आये, जहां डॉक्टर साहब ने गजराज को देखकर बताया कि इसकी मृत्यु हो गयी है। आरोपीगण ने मिलकर गजराज की हत्या की है तथा उसके उपर जान से मारने की नीयत से फायर किया है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना अजयगढ़ में फरियादी के मौखिक बताने के आधार पर उक्त घटना के संबंध में देहाती नालिसी रिपोर्ट लेख की गयी। उक्त देहाती नालिसी रिपोर्ट अपराध की कायमी हेतु पुलिस थाना अजयगढ़ भेजी गयी, जिस पर से आरोपीगण के विरूद्ध पुलिस थाना अजयगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। फरियादी एवं साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान प्रदीप कुशवाह, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी (पी.ए.) एक्ट पन्ना, जिला पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक/ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री श्रीराम यादव द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- राजेन्द्र सिंह यादव के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए मृतक गजराज के संबंध मे माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी- राजेन्द्र सिंह यादव को धारा 302 भादसं. में आजीवन कारावास, 1000 रूपये का अर्थदण्ड, धारा 3(2)(अ) एससी/एसटी एक्ट में आजीवन कारावास एवं 1000 रूपए के अर्थदण्ड, धारा 201 भादसं. में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। एवं देवी सिंह की हत्या के प्रयास के अपराध में राजेन्द्र सिंह को धारा 3(2)(अ) एससी/एसटी एक्ट में आजीवन कारावास एवं 1000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने जिलेभर में पेयजल सप्लाई की जांच करने के दिए निर्देश

**वॉटर रिसोर्सो की जांच करने एवं पानी की टेस्टिंग कराने के निर्देश**

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिले में पेयजल सप्लाई की समीक्षा करते हुए निकायों के सीएमओ, जनपद सीईओ, जल निगम, पीएचई एवं यूडीसी के अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देश दिए कि 7 दिन में सर्वेक्षण द्वारा पेयजल सप्लाई की जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएचई को लैब में पानी की टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा वॉटर रिसोर्सो की निरंतर सैम्पलिंग और क्लोरीन मात्रा की जांच करें। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों की बैठक कर वॉटर रिसोर्सो के निरीक्षण करने एवं जानकारी साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सीएमओ फील्ड पर विजिट करें और जनता से सीधा संवाद कर फीडबैक लें। कलेक्टर ने एसडीएम को भी सभी पानी के प्वाइंटों का निरीक्षण करने एवं कंट्रोल रूम बनाकर प्राप्त शिकायतों के निराकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही पीएचई विभाग एवं जनपद सीईओ को ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप, बोरवेल आदि चेक करने के निर्देश दिए। साथ ही पुरानी पाइप लाइन जांचने के निर्देश दिए।

## सशक्त किसान, समृद्ध गांव' कार्यक्रम के लिए एनसीएल ने किया एमओयू



**सिंगरौली।** जिले के ग्रामीण अंचलों में किसानों एवं गरीब परिवारों की आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बायफ लाइवलीहुड्स एवं नॉदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल), सिंगरौली के बीच "सशक्त किसान, समृद्ध गांव" एकीकृत सामुदायिक विकास कार्यक्रम के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू सिंगरौली जिले की चार ग्राम पंचायतों ; चुरकी, छतरी, चकरिया एवं बरिहावा के कुल 10 गांवों में निवासरत गरीब एवं वंचित परिवारों की आजीविका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है। समझौते पर बायफ लाइवलीहुड्स की ओर से डॉ. रविराज जाधव, क्षेत्रीय निदेशक तथा एनसीएल की ओर से राजीव रंजन, महाप्रबंधक (सीएसआर, विभाग) ने निदेशक (मानव संसाधन) एनसीएल मनीष कुमार और पवन पाटीदार, राज्य प्रमुख, बायफ लाइवलीहुड्स की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

## दिव्यांग अशोक रैकबार साईकिल के पंचर सुधार कर परिवार का कर रहा भरण पोषण

# शासन की योजनाओं से वंचित दिव्यांग अशोक रैकबार सिस्टम पर कर रहा करारा प्रहार

राज पटैरिया, छतरपुर

दिव्यांग की मदद के लिए प्रदेश सरकार ने कई योजनाएं शुरू की है और उनके लिए तमाम उपकरण भी दिए जा रहे है। शासन द्वारा गरीबों और दिव्यांगों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, जिससे गरीबों और दिव्यांगो का उद्वार हो सके। भाजपा के पितृ पुरूष पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एक सपना था। कि प्रकृति के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को भी शासन की योजनाओं का लाभ मिले और इसी बात को ध्यान में रखते हुए केन्द्र और प्रदेश में बैठी भाजपा की सरकारें पंडित दीनदयाल के सपने को साकार करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। भले ही यह योजनाएं धरातल पर मूर्त रूप नही ले पा रही, कागजों में जरूर इन योजनाओं के संचालन का ढिंढोरा पीटा जहा रहा है। लेकिन वास्तविक जरूरतमंद को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।





जनपद पंचायत राजनगर के ग्राम पंचायत चंद्रनगर के ग्राम चुरारन में देखने को मिला है। जहां के अशोक रैकबार दोनो पैरों से दिव्यांग है, और उसके पास कई बर्ष पुरानी टूटी हुई व्हीलचेयर है जिसका सीट टूटी और पहिया टेढ़ा है प्रदेश सरकार तरह तरह का ढिंढोरा पीट रही है कि दिव्यांगों के लिए अनेको योजनाएं चलाई जा रही है, जिसके एवज में करोड़ो अरबों रूपए खर्च भी हो रहे है। क्या किसी भी व्यक्ति की नजर अभी तक इस दिव्यांग और कमजोर व्यक्ति पर नही पड़ी। ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत और जिला प्रशासन की नजरों से आज तक अछूता है लेकिन उन्हें शासन की दिव्यांग योजनाओं का कोई सहारा नही मिला। सिर्फ आश्वासन मिला, लेकिन आश्वासनों से काम चलने बाला नही है। क्योंकि उसके साथ पूरा परिवार जुड़ा हुआ है, और उसे आज तक स्थाई रोजगार के लिए कोई सहायता शासन से नही प्राप्त हो सकी है। जबकि राजनगर विधानसभा और खजुराहो संसदीय क्षेत्र से भाजपा के ही विधायक व सांसद है। प्रदेश व केन्द्र में भाजपा की सरकार पिछले कई सालों से सत्ता में है, लेकिन सिस्टम की अनदेखी के चलते दिव्यांग अशोक रैकबार को शासन की किसी भी योजनाओं का सहारा नही मिला है। इस उपेक्षा को आखिर क्या कहा जाएगा मात्र आश्वासनों से काम चलने बाला नही है। आश्वासन तो बड़े बड़े मिलते है लेकिन यदि आश्वासन से किसी का गुजारा हो जाए, तो फिर योजनाओं का लाभ देने की क्या जरूरत है। अशोक रैकबार की यह बदकिस्मती कहें या फिर प्रशासन तंत्र की उपेक्षा जिसे अभी तक किसी भी योजना का लाभ नही मिला और ना ही वह अपना कोई स्थाई रोजगार स्थापित कर पाया।

### पंचर बना रोजी रोटी का सहारा -

जब शासन प्रशासन से दिव्यांग अशोक रैकबार को किसी भी योजना का लाभ नही मिला तो उसने अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए जिला प्रशासन और समाज के ठेकेदारों को यह बताने के लिए स्वयं पंचर बनाने का काम शुरू कर दिया। आखिर जिसका कोई सहारा नही होता तो उसका ऊपर बाला जरूर सहयोग करता है। पंचायत के माध्यम से भी दिव्यांगों के लिए तमाम योजनाएं संचालित हो रही है जिला मुख्यालय छतरपुर में सामाजिक न्याय विभाग का भी कार्यालय खुला हुआ है। लेकिन सामाजिक न्याय विभाग ने आज तक दिव्यांग अशोक रैकबार के लिए क्या पहल की उसके चलने के लिए केवल बर्षो पुरानी व्हीलचेयर है, यही मेहरबानी शायद सामाजिक न्याय विभाग द्वारा की गई है।

### आज तक नही मिली बैटरी बाली साईकिल -

पूरे जिले में केन्द्रीय सामाजिक व न्याय मंत्री बीरेन्द्र खटीक के सौजन्य से दिव्यागों को बैटरी से चलित साईकिल प्रदान की गई है। लेकिन केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र खटीक द्वारा चलाई गई इस योजना के तहत भी अशोक रैकबार को बैटरी बाली चलित साईकिल नही मिल सकी है। जबकि उसकी तमन्ना है कि अगर बैटरी बाली साईकिल मिल जाती, तो उसे आने जाने में सहूलियत मिलती। लेकिन दोनो पैरों से दिव्यांग अशोक रैकबार को बैटरी चलित साईकिल ना मिलना कही न कही प्रशासनिक सिस्टम का भ्रष्टाचार है। वहीं दिव्यांग अशोक रैकबार की पत्नी का कहना है कि गरीबों को कौन पूंछता है कभी पंचर बनाने को मिल जाते है और कभी नहीं मिलते। यही उनकी रोजी रोटी का साधन है और इसी के सहारे वह अपना जीवन यापन करके पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार करने में लगे हुए है।

### इनका कहना है -

यह मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है, मैं इसकी जांच करवाता हुं और दिव्यांग अशोक के लिए जो संभव होगा उसकी हर संभव मदद पूरी की जाएगी।

**नमः शिवाय अरजरिया**
जिला सीईओ, जिला पंचायत छतरपुर

# कोहरे की धुंध में थमी रफ्तार, बाल-बाल बचे यात्री, बस पेड़ से टकराई,11 घायल

बकस्वाहा

सर्द मौसम के साथ बढ़ता घना कोहरा अब सड़कों पर जानलेवा साबित होने लगा है। सोमवार सुबह बक्सवाहा थाना क्षेत्र के लालघाटी इलाके में कोहरे की सफेद चादर के बीच एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया, जिसने कुछ देर के लिए नेशनल हाईवे की रफ्तार ही थाम दी। टीकमगढ़ से जबलपुर जा रही महाकाल ओरछा ट्रांसपोर्ट की यात्री बस क्रमांक एमपी 36 पी 0575 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में बस में सवार 11 यात्री घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय कोहरा इतना घना था कि कुछ मीटर आगे तक दिखाई नहीं दे रहा था। लालघाटी के पास सड़क किनारे एक ट्रक पहले से खराब अवस्था में खड़ा था, कोहरे के कारण बस चालक को यह ट्रक समय रहते नजर नहीं आया। इसी दौरान सामने से एक अन्य ट्रक आ गया। दोनों ट्रकों के बीच फंसी बस को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, लेकिन नियंत्रण बिगड़ गया और बस सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। इसी बीच सामने से आ रहा ट्रक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया।

टक्कर इतनी तेज थी कि पहले से खराब खड़ा ट्रक भी अपनी जगह से खिसककर बीच सड़क पर आ गया, जिससे नेशनल हाईवे पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। कुछ ही देर में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



घटना की सूचना मिलते ही बक्सवाहा पुलिस मौके पर पहुंची। नायब तहसीलदार सुनील केवट ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। हाईवे से ट्रक हटाने के लिए पहले जेसीबी बुलाने का प्रयास किया गया, लेकिन मशीन के पहुंचने में देरी होती देख एसआई कादिर खान ने मौके पर मौजूद जनसमूह से सहयोग की अपील की। पुलिस की अपील पर वहां मौजूद लोगों ने एकजुट होकर खराब ट्रक को धक्का लगाकर सड़क किनारे किया, जिसके बाद नेशनल हाईवे पर यातायात धीरे-धीरे बहाल हो सका।

घायलों में मोहन लाल (42) निवासी टीकमगढ़, इदरीश खान (40) शाहगढ़, संतोषी पटवा (24) शाहगढ़, चतुर्भुज सिंह (42) शाहगढ़, बाबू आदिवासी (25) गड़ोही, कमला रजक (62) जेतपुरा, विनीता साहू (28) झीलोरा, रिंकेश साहू (30) झीलोरा, कमलेश साहू (30) शाहगढ़, जितेंद्र यादव (29) गाडिय़ां तथा गजला परवेज (38) शाहगढ़ शामिल हैं। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल बक्सवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं।

राहत की बात यह रही कि इस भीषण हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने फरार ट्रक की तलाश शुरू कर दी है, वहीं प्रशासन ने कोहरे के दौरान वाहन चालकों से विशेष सावधानी बरतने, धीमी गति से वाहन चलाने और सड़क किनारे खड़े वाहनों के प्रति अतिरिक्त सतर्कता रखने की अपील की है।



# ओबीसी छात्रावास का गार्ड शराब के नशे में छात्रों से भिड़ा, गाली-गलौज का वीडियो वायरल

**छतरपुर। गणेश कॉलोनी स्थित ओबीसी छात्रावास में पदस्थ गार्ड का छात्रों से लड़ाई और गाली-गलौज करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में गार्ड छात्रों से अभद्र भाषा में बात करता और विवाद करता हुआ दिखाई दे रहा है।**

छात्रावास में रह रहे छात्रों ने बताया कि संबंधित गार्ड अक्सर शराब पीकर ड्यूटी पर आता है और छात्रावास परिसर के भीतर ही शराबखोरी करता है। नशे की हालत में वह छात्रों से आए दिन विवाद करता रहता है। बीती रात भी गार्ड और छात्रों के बीच कहासुनी बढ़ गई, जिसके बाद छात्रों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में छात्रावास परिसर के अंदर से करीब 12 छात्रों की साइकिलें चोरी हो चुकी हैं, जो आज तक नहीं मिलीं। इससे छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले को लेकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ने वीडियो के आधार पर जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई किए जाने की बात कही है। वहीं छात्रों ने मांग की है कि नशे में रहने वाले गार्ड को तत्काल हटाकर छात्रावास में सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित किया जाए।

## मप्र कोटवार संघ ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर।** मध्य प्रदेश कोटवार संघ ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को पूरा कराने के लिए जिले में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन एसएलआर आरआर गुप्ता को सौंपा। कोटवार वर्दी की राशि सीधे कोटवारों के बैंक खातों में जमा की जाए। जिले की सभी तहसीलों में बढ़े हुए वेतन का एरियर्स (बकाया) शीघ्र दिलाया जाए। प्रत्येक कोटवार को सीयूजी मोबाइल सिम उपलब्ध कराई जाए। मप्र कोटवार संघ के जिलाध्यक्ष बाबूलाल राही के नेतृत्व में जिले भर के कोटवारों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कोटवार इस कार्यक्रम में शामिल हुए और अपनी मांगों को लेकर नारे लगाए। ज्ञापन सौंपते समय कोटवारों ने कहा कि इन मांगों का समाधान लंबे समय से लंबित है, जिससे उन्हें आर्थिक और कार्य संबंधी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई गई है। इस अवसर पर जिले भर में कार्यरत सैकड़ों कोटवार मौजूद रहे। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## एसडीएम ने फिल्टर प्लांट एवं डिस्टलरी का किया निरीक्षण

**नौगांव।** पिछले दिनों इंदौर के भागीरथपुरा कॉलोनी में दूषित पानी पीने से 15 लोगों की मौत एवं 50 से अधिक लोग बीमार पड़े थे जिसके बाद इंदौर हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश सरकार के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए एवं बीमार हुए लोगों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा दी जाए। सोमवार को एसडीएम एवं नगरपालिका अध्यक्ष ने फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण उनके साथ सीएमओ आरएस अवस्थी, नपा उपयंत्री आलोक जायसवाल द्वारा फिल्टर प्लांट का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उनके साथ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम भी मौजूद रही। इस दौरान एसडीएम ने सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया और सफाई व्यवस्थाओं को चौकस रहने के लिए कहा।सोमवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल के द्वारा टीएल बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया था कि सभी निकाय अपने अपने क्षेत्र में आने वाले फिल्टर प्लांट एवं पानी सप्लाई को देखे ताकि लोगों को स्वच्छ जल प्रदाय किया जा सके। कलेक्टर ने जनता की मूलभूत सुविधा में से एक पेयजल पर फोकस करते हुए जनता को साफ स्वच्छ पेयजल के लिए सतत निगरानी के निर्देश दिए। नौगांव प्रशासन ने निरीक्षण में डिस्टलरी का भी रुख किया। जिसमें डिस्टलरी से निकलने वाली नदी का भी अवलोकन किया गया। वहीं बताया जाता है कि नगर में नपा द्वारा जो सप्लाई होती है उसका स्टॉप डेम पहले बना हुआ है

# व्यवसायिक उत्कृष्टता की नई उड़ानः एनटीपीसी विंध्याचल में बिज़नेस एक्सीलेंस आकलन 2024–25 का शुभारंभ

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में व्यवसायिक उत्कृष्टता का आकलन 2024–25 का शुभारंभ 5 जनवरी 2026 को मैत्री सभागार में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ने किया। बीई आकलन दल का नेतृत्व श्री एम. एस. श्रीनिवासन (क्वालिटी चैंपियन) एवं श्री टी. आर. राजगोपालन (वरिष्ठ आकलक) ने किया। आकलन दल में श्री यूवीवीएस श्रीनिवास राव, श्री विजय कुमार, श्री जगदीश लाल भांभी, श्री रितेश लाल भारद्वाज एवं श्री जीवनलाल भुक्या जैसे अनुभवी आकलकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनका सामूहिक अनुभव स्टेशन को परिचालन उत्कृष्टता के उच्च मानकों की ओर अग्रसर करेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों की सशक्त उपस्थिति रही, जिनमें श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), श्री एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) तथा सुश्री रुमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) शामिल रहे। विभागाध्यक्षों एवं बीई टास्क फोर्स के सदस्यों की भी सक्रिय सहभागिता रही।




कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, एनटीपीसी गीत के सस्वर गायन तथा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। अपने संबोधन में श्री संजीब कुमार साहा ने भारत के ऊर्जा परिदृश्य में विंध्याचल की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए आकलकों से प्राप्त सुझावों एवं मार्गदर्शन को प्रदर्शन, दक्षता एवं सततता को और सुदृढ़ करने में उपयोग करने पर बल दिया। इसके पश्चात प्रस्तुत कॉरपोरेट फिल्म के माध्यम से पर्यावरणीय पहलों, सीएसआर गतिविधियों तथा कर्मचारी-केंद्रित सुविधाओं की झलक प्रस्तुत की गई। श्री राम सेवक जायसवाल, उप महाप्रबंधक (ईईएमजी) ने स्टेशन की उपलब्धियों एवं नवाचारों पर विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें अग्रणी कार्बन-टू-मेथनॉल (**CTM**) परियोजना पर विशेष जोर दिया गया, जो सतत ऊर्जा समाधान में एनटीपीसी की अग्रणी भूमिका को दर्शाती है। मानव संसाधन एवं सामुदायिक आयाम को रेखांकित करते हुए श्रीमती कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने प्रगतिशील एचआर पहलों, कर्मचारी कल्याण उपायों, नेतृत्व विकास कार्यक्रमों तथा बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 सहित प्रभावी सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रमों की जानकारी दी। सीटीएम परियोजना एवं संविदा श्रमिकों हेतु 'श्रम की रोशनी' पहल पर आधारित लघु फिल्मों ने स्टेशन के समावेशी एवं समग्र दृष्टिकोण को और सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। विंध्याचल टीम की गर्मजोशी भरे आतिथ्य एवं कार्य के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए श्री एम. एस. श्रीनिवासन ने कहा कि उत्कृष्टता एक सतत यात्रा है, जिसमें निरंतर सुधार की सदैव संभावनाएं रहती हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुश्री पियूषा, उप महाप्रबंधक (बीई) द्वारा किया गया तथा अंत में डॉ. एम. आर. शैजू, अपर महाप्रबंधक (बीई) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए व्यवसायिक उत्कृष्टता एवं सतत सुधार के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में ए-ग्रेड से कम प्रोग्रेस पर होगी कार्यवाहीः कलेक्टर

### बकस्वाहा, सूरजपुर एवं माधवपुर राशन विक्रेता पर वसूली, सेवा से पृथक एवं एफआईआर कराने के निर्देश

### अधिकारियों के निरीक्षण में छात्रावासों में मिली कमियों को दूर करने एवं कार्यवाही के निर्देश

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित एसडीएम, सीएमओ, जनपद सीईओ एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर जैसवाल ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में ए-ग्रेड से कम प्रोग्रेस होने पर संबंधित जनपद सीईओ पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से शिकायतों के निराकरण की जानकारी के लिए शिकायतकर्ताओं से बात करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व की शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्वाचन संबंधित शिकायतें नॉन अटेंड होने पर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग को शिकायतों के निराकरण में नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हाउस, सीएम मॉनिट शिकायतों एवं न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने एलडीएम को निर्देश दिए कि बैंकों में लंबित पशुपालन विभाग अंतर्गत केसीसी सहित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के प्रकरणों को स्वीकृत कराने में प्रगति बढ़ाएं। कलेक्टर ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की और प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही जल निगम के कार्यों में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

### फिंगर लगवाकर राशन गमन मामले में कड़ी कार्यवाही के निर्देश -

कलेक्टर ने राशन वितरण की समीक्षा करते हुए लवकुशनगर के माधवपुर समिति विक्रेता पर हितग्राहियों के फिंगर लगवाकर राशन नही देने के मामले में एफआईआर, वसूली एवं सेवा से पृथक करने की कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही बकस्वाहा में राशन गमन के मामले में विक्रेता से वसूली के निर्देश दिए। इस दौरान डीएसओ ने बताया कि इस विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाकर सेवा से हटाया गया है। इसके अलावा कलेक्टर ने सूरजपुर की उचित मूल्य दुकान में पीएम पोषण योजना के राशन में कीड़े मिलने पर संबंधित पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने खजुराहो के गौतम होटल में खाना खाने से हुए 5 मृतकों के परिवार को स्वरोगार स्थापित कराने एवं पीएम स्ट्रीट वेंडर और अन्य योजनाओं के लाभ से जोडऩे के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत ग्रामों के कब्जे हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा नियुक्त टास्क फोर्स समिति के अधिकारी इन ग्रामों में जाकर चौपाल लगाएं और ग्रामवासियों की समस्याएं सुनें। साथ ही ग्रामों को खाली कराएं। इसके अलावा परियोजना अंतर्गत बनने वाली नहर में




आने वाली ग्रामों में भू अर्जन संबंधित धारा 19 की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### बिजावर जनपद सीईओ को छात्रावासों का निरीक्षण नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी -

कलेक्टर ने अधिकारियों द्वारा किए गए छात्रावासों के निरीक्षण में पाई गई कमियों की समीक्षा करते हुए जनजातीय कार्य विभाग को सुधार एवं आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही बिजावर जनपद सीईओ द्वारा निरीक्षण नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्कूलों का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन चेक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान में लगाए गए कैंप में प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण संबंधित जानकारी नहीं देने एवं लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आदिम जाति विभाग के सभी बिल भुगतान पर आगामी आदेश तक रोक लगाने के ट्रेजऱी ऑफिसर को निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने नहरों से बिना अवरूद्ध सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने के निर्देश दिए -

कलेक्टर ने नहरों से छोड़े जाने वाले पानी की समीक्षा करते हुए कहा जहां पानी नहीं पहुंच रहा है। वहां की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजें। उन्होंने कहा किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए बिना अवरूद्ध पानी पहुंचे। कलेक्टर ने सागर कबरई हाईवे अंतर्गत कार्य की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### नौगांव सीएमओ को पीएम स्वनिधि योजना में खराब प्रगति पर नोटिस -

कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए सभी निकायों को केसों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही कम प्रोग्रेस होने पर नौगांव सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में अनुपस्थित होने पर सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज में लक्ष्य से अधिक हुई खनिज राजस्व मिला

मऊगंज। नवगठित मऊगंज जिले में खनिज प्रमुख उद्योग है। फर्शी पत्थर तथा अन्य खनिजों से जिले को लगातार आय प्राप्त हो रही है। खनिज विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व की प्राप्ति की गई है। इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि खनिज विभाग को दिसम्बर माह के लिए एक करोड़ 22 लाख रुपए के खनिज राजस्व का लक्ष्य दिया गया था। इसके विरूद्ध खनिज विभाग ने 31 दिसम्बर तक एक करोड़ 23 लाख 53 हजार 327 रुपए का खनिज राजस्व प्राप्त किया है। खनिज विभाग द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में 6 करोड़ 5 लाख रुपए का खनिज राजस्व प्राप्त किया गया है। खनिज, पुलिस तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### भाजपा नेता गौरव ने आयोजित किया पत्रकार मिलन समारोह



रीवा। नववर्ष के अवसर पर भाजपा नेता गौरव तिवारी द्वारा रीवा शहर के हनुमान वाटिका मैरिज गार्डन में पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकारों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। आयोजित समारोह के दौरान गौरव तिवारी ने पत्रकारों से संवाद करते हुए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में उनकी भूमिका की सराहना की और सभी पत्रकारों को नववर्ष की बधाई-शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों के साथ भोजन कर सम्मान स्वरूप उपहार भी भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौरव तिवारी ने कहा कि हमारा रीवा संभागीय मुख्यालय होने के कारण यहां के पत्रकार समाज, शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाना और सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना पत्रकारिता की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, निर्भीक और तथ्यपरक पत्रकारिता से ही लोकतंत्र मजबूत होता हैसाथ इसी तारतम्य में भाजपा नेता गौरव तिवारी ने भाजपा रीवा-मऊगंज के जनप्रतिनिधिगण, संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ भी नववर्ष मिलन समारोह मनाया, जिसमे श्री तिवारी ने सभी के साथ भेंट मुलाकात कर उनके साथ भोज किया। आयोजक गौरव तिवारी ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द, संवाद और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देते हैं। इस दौरान भाजपा रीवा के ज़िलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, मनगंवा विधायक नरेंद्र प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय, पूर्व महापौर राजेंद्र ताम्रकार, वरिष्ठ नेता रमेश गर्ग, वरिष्ठ नेता महाबली गौतम,वरिष्ठ नेत्री अंजू मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष मनीषा पाठक, राजेश प्रताप सिंह, शरद साहू, जिला महामंत्री जीवन लाल साकेत, जिला पंचायत सदस्य केडी शुक्ला, जिला मंत्री बिजेंद्र गौतम, मऊगंज जिला उपाध्यक्ष विपिन मिश्रा, यशवर्धन सिंह, सुमन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष हनुमना सुनील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष खटखरी मुरलीधर द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अधिकारी 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण करें कलेक्टर ने खाद्यान्न पर्ची और पेंशन की शिकायतें निपटाने दिये निर्देश

**कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। इसके साथ दिसम्बर माह में दर्ज शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें।**



रीवा।

विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर शिकायतों का निराकरण करें। पेंशन तथा अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण कराएं। जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्यान्न पर्ची और खाद्यान्न वितरण से जुड़ी शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई बिगड़े हैण्डपंपों का अभियान चलाकर सुधार कराएं। नलजल योजनाओं तथा हैण्डपंपों के सुधार से संबंधित शिकायतों का निराकरण करें। बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री ऊर्जा बिजली बिलों में सुधार तथा बिजली की आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का निराकरण करें। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा नगरीय निकाय में भी लंबित शिकायतों का निराकरण कराएं। सभी एसडीएम सामान्य प्रशासन विभाग तथा राजस्व विभाग के आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही करें। एसडीएम विकासखण्ड स्तर पर वनाधिकार समिति, अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित समिति की बैठक आयोजित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन लगभग पूरा हो रहा है। खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके उपार्जित धान के सुरक्षित परिवहन और भण्डारण की व्यवस्था कराएं। अधीक्षण यंत्री पीएचई कंदैला समूह नलजल योजना में कार्यरत वाल्व ऑपरेटरों की मजदूरी का भुगतान न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर परियोजना अधिकारी जवा, सिरमौर तथा रीवा ग्रामीण को कारण बताओ नोटिस दें।कलेक्टर ने कहा कि 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आनंदम उत्सव मनाया जाएगा। जिला तथा विकासखण्ड स्तर पर इससे जुड़े कार्यक्रम आयोजित कराएं। सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा आयुक्त नगर निगम पेयजल स्त्रोतों की जाँच करा लें। पाइपलाइन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा पानी की टंकियों की साफ-सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान दें। पानी की आपूर्ति के संबंध में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई हैण्डपंपों में भी क्लोरीन पाउडर डालकर पानी को साफ कराएं। उप संचालक कृषि किसानों को खाद वितरण के लिए ई टोकन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम संबल योजना से जुड़े अपील प्रकरणों का निराकरण करें। राजस्व अधिकारी ग्राम पंचायतों में अधिरोपित आरआरसी की राशि की वसूली करें तथा जनसंपर्क विभाग के माध्यम से इसका प्रचार-प्रसार कराएं। तहसीलदार और उप संचालक कृषि नरवाई जलाने वाले किसानों के प्रकरण दर्ज कर जुर्माने की कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, गौशालाओं के संचालन तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, सभी एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीम आर्मी की गतिविधियों और फंडिंग की जांच की मांग प्रभाकर नरसिंहराव पेशवा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लिखा पत्र



रीवा।

भीम आर्मी संगठन की कथित गतिविधियों, उसके फंडिंग स्त्रोतों तथा राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर 1857 की महान क्रांति के बलिदानी परिवार से जुड़े श्रीमंत प्रभाकर नरसिंहराव पेशवा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक विस्तृत पत्र लिखा है पत्र में संगठन पर समाज में जातीय द्वेष, सामाजिक वैमनस्य और धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि भीम आर्मी नामक संगठन की हालिया गतिविधियाँ सामाजिक एकता, शांति और सद्भाव के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। संगठन से जुड़े कुछ वक्तव्यों और कार्यों से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच तनाव बढ़ने की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जो संविधान की मूल भावना के विपरीत है। प्रभाकर नरसिंहराव पेशवा ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि संगठन द्वारा मतांतरण को प्रोत्साहित करने, हिंदू आराध्यों के कथित अपमान तथा हिंदू-विरोधी विचारधारा के प्रचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। उनका कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियों से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होता है। ज्ञापन में यह भी आपत्ति जताई गई है कि कुछ राजनीतिक व्यक्तियों को भगवान या पूज्य के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि उनकी विचारधारा समाज में विभाजन और द्वेष को बढ़ावा देने वाली बताई जा रही है। प्रेस वार्ता में नर्मदा पायासी (अखिल भारतीय अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा) पंडित सुरेश द्विवेदी, रश्मि मिश्रा (अखंड ब्राह्मण समाज संगठन ) कृष्णा तिवारी शुभम त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। फंडिंग और राजनीतिक संरक्षण की जांच की मांगपत्र में गृह मंत्री से आग्रह किया गया है कि भीम आर्मी संगठन को मिलने वाले देशी एवं विदेशी फंडिंग स्त्रोतों की विधिवत जांच कराई जाए। साथ ही, संगठन को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन देने वाले राजनीतिक दलों, व्यक्तियों और प्रायोजकों की भूमिका की भी जांच सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि जांच में संगठन की कोई गतिविधि संविधान, कानून अथवा सामाजिक सौहार्द के विरुद्ध पाई जाती है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी और संस्थागत कार्रवाई की जानी चाहिए।

## जिले में प्रतिदिन हो रहा 5313 किलोवॉट बिजली का उत्पादन 9 सौ से ज्यादा घर व प्रतिष्ठानों के छत में लगे हैं सोलर पैनल





रीवा ।

सोलर ऊर्जा के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू होने से इसके उपभोक्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। रीवा जिले के करीब सवा 9 सौ घर व प्रतिष्ठानों में सोलर पैनल लगे हैं। जिससे प्रतिदिन करीब 5 हजार 313 किलो वाट यानी 21 हजार यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है। ज्ञात हो कि करीब 8 माह पूर्व पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू हुई। तब से अब तक इन 8 महीनों में आवेदन करने वालों की झड़ी सी लग गई है। 918 कनेक्शन पीएम सूर्य घर योजना के तहत दिए गए हैं। इसके अलावा 50 कनेक्शन पुरानी योजना के तहत थे। अब सोलर पैनलों से 5 हजार किलोवाट से अधिक बिजली प्रतिदिन बन रही है। इसका सबसे अधिक फायदा इन उपभोक्ताओं को मिल रहा है। इनके बिजली बिल न के बराबर हो गये हैं। सोलर पैनल से बनी बिजली से ही इनकी पूर्ति हो रही है। खास बात यह है कि योजना के तहत 30 हजार से लेकर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ग्रिड सिस्टम पर काम करता है। इस योजना के तहत सरकार सोलर पैनल लगाने पर अधिकतम 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी भी देती है। इसके अलावा कामर्सियल उपयोग के लिए सस्ती दरों पर पैनल लगाए जाते हैं। 1 किलो वाट तक के सोलर प्लांट लगाने पर 30 हजार, दो किलो वाट तक 60 और 3 किलोवाट तक के प्लांट पर 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जाती है। इसके अधिक की क्षमता के प्लांट लगाने पर भी 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी मिलती है।58 वेंडर काम कर रहेसोलर पैनल लगाने के लिए विद्युत विभाग से करीब 200 वेंडरों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। हालांकि इसमें से सिर्फ 58 वेंडर ही ऐसे हैं जो एक्टिव मोड पर हैं और सेवाएं दे रहे हैं। इसमें अधिकांश वेंडर दूसरे राज्यों से हैं, जिन्होंने रीवा में ही अपना कार्यालय खोल दिया है। सोलर पैनल पर कंपनियां 25 साल तक के मेंटीनेंस की वारंटी देती है। इसके अलावा इनवर्टर आदि पर 5 से 10 साल तक की वारंटी दे रही हैं।बची हुई बिजली विभाग ले लेता हैसोलर पैनल से जितनी बिजली बनती है उसमें से जो उपयोग होने के बाद बचती है, उसे ग्रिड सिस्टम से विद्युत विभाग के पास चली जाती है। विद्युत विभाग जितनी भी बिजली लेगा, वह याद में मंथली बिल में घट कर आएगा। रात में सोलर सिस्टम काम नहीं करता। इस दौरान विद्युत वितरण से मिलने वाली बिजली का ही उपयोग किया जाता है। जानकारी के अनुसार पीएम सूर्यधर मुफ्त बिजली योजना के तहत 8 महीने में 918 कनेक्शन किए गए हैं। इस योजना के तहत सरकार सब्सिडी भी देती है। जो भी बिजली तैयार होती है। वह विद्युत विभाग लेती है। जितनी यूनिट विद्युत विभाग लेगी उतनी यूनिट मंथली बिल में घटा कर बिलिंग की जाएगी। किसी को इससे संबंधित जानकारी चाहिए तो वह गल्ला मंडी कार्यालय पहुंच कर संपर्क कर सकता है।

## कलेक्टर ने निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य को सौंपा प्रमाण पत्र



रीवा।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने उप निर्वाचन में जिले के वार्ड क्रमांक 16 से जिला पंचायत सदस्य के तौर पर निर्वाचित मृत्युंजय मुन्ना खैरा को प्रमाण पत्र प्रदान किया।05/01/ 2026, 7:55pm - ऋषभ पांडे रीवाः कलेक्टर ने धान उपार्जन की समीक्षा कीउपार्जित धान के तत्काल परिवहन एवं भण्डारण के दिये निर्देशरीवा । कलेक्टर प्रतिभा पाल में धान उपार्जन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि खरीदी केन्द्रों में उपार्जित धान का तत्काल परिवहन सुनिश्चित करायें तथा सुरक्षित भण्डारण करायें। उन्होंने त्योंथर में परिवहनकर्ता को तीव्र गति से परिवहन के लिये निर्देशित किये जाने की बात कही। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जिन खरीदी केन्द्रों में धान की मात्रा अधिक आ चुकी है वहां परीक्षण कर खरीदी समाप्त करायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गठित दल द्वारा केन्द्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करायें कि सीमावर्ती राज्य से तो धान नहीं आ रही है। कलेक्टर ने गत दिनों प्राइवेट वारदानों में धान पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने तथा नान एफएक्यू की धान उपार्जित किये जाने वालों के विरूद्ध भी पुलिस में एफआईआर कराने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि अभी तक 3 लाख 50 हजार मैट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है जिसमें से 2 लाख 70 हजार में टन धान का परिवहन हो चुका है। उप संचालक कृषि ने बताया कि कोदो के लिये रजिस्टर्ड 1206 किसानों में से 284 किसानों से 1859 क्वटल कोदो खरीदा चुका है और उन्हें 22 लाख रूपये की भुगतान भी किया जा चुका है। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित उपार्जन से संबद्ध विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेयजल स्त्रोत के पास नाली, सोख्ता गड्ढ़ा एवं सेप्टिक टैंक का निर्माण न करें - कलेक्टर

मऊगंज* कलेक्टर संजय कुमार जैन ने पेयजल स्त्रोत के समीप नाली, सोख्ता गड्ढ़ा एवं सेप्टिक टैंक का निर्माण न करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने उक्त आदेश का पालन सुनिश्चित कराने हेतु सीईओ जिला पंचायत, सीएमओ नगर परिषद व सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कर्यक्षेत्र अन्तर्गत पेयजल हेतु स्थापित हैण्डपंप एवं पाईप लाईन की 9 मीटर की परिधि में तत्काल अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि यदि पीने के पानी की पाईप लाईन के पास से नाली गुजरती है तो उसकी संपूर्ण सफाई करावें यदि पाइप लाइन में लीकेज हो तो तत्काल सुधार कार्य करावें। पेयजल स्त्रोत के पास सेप्टिक टैंक का निर्माण यदि किसी द्वारा किया गया है तो तत्काल पाईप लाईन की जांच कर लीकेज का सुधार कार्य करावें और सेप्टिक टैंक को यदि संभव हो तो अन्यत्र स्थानान्तरित करावें। अन्यथा सेप्टिक टैंक व पाइप लाइन के बीच में स्थायी रूप से सेप्टिक टैंक के किसी भी प्रकार के प्रदूषण को पीने की पाइप लाइन व हैण्डपम्प में मिलने से रोकने का स्थायी प्रबंध करें। किसी भी स्थिति में नवीन सेप्टिक टैंक एवं नाली एवं सोख्ते का निर्माण हैण्डपंप व पीने की पाइप लाइन से न्यूनतम नौ मीटर की दूरी पर ही होना चाहिए। पीने की पानी की नियमित गुणवत्ता की जांच रसायनिक एवं जैविक प्रदूषण से दूर करने हेतु जल चौपाल/ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामवासियों एवं ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्यों एवं ग्राम एवं नगरीय क्षेत्र में स्थित स्कूल



कालेज के बालक/बालिकाओं को अभियान चलाकर प्रशिक्षण प्रदान करायें जिससे जन सामान्य एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को पेयजल स्त्रोत को प्रदूषण मुक्त रखने में समुदायिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस आशय का प्रचार प्रसार प्रत्येक ग्राम एवं नगर में कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं। पेयजल के स्त्रोत एवं पेयजल को प्रदूषण मुक्त रखने किसी भी पेयजल स्त्रोत के पास कचरे भूसे एवं गोबर का ढेर नहीं होने तथा प्रत्येक छात्रावास, ग्राम एवं नगर के प्रत्येक शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, आंगनवाड़ी के जल स्त्रोत के चारों ओर संपूर्ण स्वच्छता एवं ब्लीचिंग का छिड़काव कराने के लिये निर्देशित किया गया है। पेयजल की टंकी एवं सम्पवेल की नियमित रूप से सफाई कराये जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं।

# कई इलाकों में सप्लाई हो रहा है गंदा और दूषित पानी : महापौर

### इंदौर की घटना के बाद शहर में दूषित पानी के लिए जल प्रदाय टास्क फोर्स गठितमार्च 2026 तक पूरी होगी 162 करोड़ की जल आपूर्ति योजना

रीवा।



शहर में दूषित पानी के लिए नगर पालिक निगम रीवा ने जल प्रदाय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। महापौर अजय मिश्रा बाबा ने सोमवार को नगर निगम सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जल आपूर्ति व्यवस्था, सीवरेज कार्य, भविष्य की योजनाओं एवं दूषित पानी की समस्या के समाधान को लेकर विस्तृत जानकारी मीडिया के समक्ष रखी। महापौर ने बताया कि नगर में दूषित पानी की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जल प्रदाय टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जो जल आपूर्ति से जुड़ी प्रत्येक समस्या पर तत्काल कार्रवाई करेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नगरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महापौर ने कहा कि गैस पाइपलाइन, टेलीफोन लाइन एवं नाली निर्माण कार्य के दौरान कई बार जल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है, जिससे दूषित पानी की समस्या पैदा होती है। ऐसे मामलों में संबंधित एजेंसियों पर पेनाल्टी की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अब किसी भी कार्य से पूर्व अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना अनिवार्य कर दिया गया है।महापौर ने बताया कि शहर में सीवरेज परियोजना अंतिम चरण में है। हाउस सर्विस कनेक्शन पूर्ण होने के बाद नालियों में गंदे पानी की मात्रा में उल्लेखनीय कमी आएगी। पुरानी एवं घनी बस्तियों में डिस्कोपिंग प्लान के तहत नालों की टैपिंग कर गंदे पानी का ट्रीटमेंट किया जाएगा। महापौर ने इंदौर में दूषित पानी की आपूर्ति से हुई जनहानि की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि इंदौर में लगभग 200 लोग बीमार हुए तथा 14 लोगों की मृत्यु हुई, जिसे देखते हुए रीवा नगर निगम ने अपनी निगरानी व्यवस्था को और अधिक सख्त कर दिया है। हालांकि नगर निगम पहले से ही एहतियाती कदम उठा रहा था, लेकिन अब निरीक्षण और निगरानी को और मजबूत किया गया है। जल आपूर्ति की रोजाना होगी मॉनिटरिंगमहापौर ने जानकारी दी कि जलकर वसूली में कार्यरत 15 कर्मचारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये कर्मचारी जल आपूर्ति के समय यह सुनिश्चित करेंगे कि कहीं दूषित पानी, लो-प्रेशर या जल आपूर्ति में व्यवधान तो नहीं है। इस संबंध में प्रतिदिन रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसके आधार पर टास्क फोर्स द्वारा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।162 करोड़ की व्यापक जल आपूर्ति योजना मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्यमहापौर ने बताया कि शहर की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पूरे नगर क्षेत्र को कवर करने वाली 162 करोड़ रुपये की विस्तृत जल आपूर्ति योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस योजना को मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना को समय-सीमा में पूरा करने के लिए शासन से 50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि की मांग भी भेजी गई है।वर्तमान जल आपूर्ति की स्थितिमहापौर ने बताया कि वर्तमान में रीवा नगर में 58 एमएलडी जल उत्पादन क्षमता 24 जल भंडारण टंकियां, कुल क्षमता 228.70 लाख लीटर 555 किलोमीटर लंबी वितरण पाइपलाइन लगभग 45 हजार घरेलू नल कनेक्शन सक्रिय 15 हजार नए नल कनेक्शन प्रगतिरत हैंअमृत 2.0 योजना के तहत बड़ा विस्तारमहापौर ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जल आपूर्ति प्रणाली का व्यापक विस्तार किया जा रहा है। योजना पूर्ण होने पर जल उत्पादन क्षमता बढ़कर 95 एमएलडी 36 जल टंकियों के माध्यम से 410 लाख लीटर भंडारण क्षमता वितरण पाइपलाइन का विस्तार 1000 किलोमीटर तक कुल 75 हजार घरेलू नल कनेक्शन से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। 60 किलोमीटर पाइपलाइन शिफ्टिंग से मिलेगी दूषित पानी से राहतदूषित पानी की समस्या के कारणों पर प्रकाश डालते हुए महापौर ने बताया कि कई स्थानों पर जल पाइपलाइन के ऊपर नालियों का निर्माण होने से लीकेज की समस्या उत्पन्न होती है। इसके समाधान के लिए 60 किलोमीटर लंबी पुरानी पाइपलाइन शिफ्टिंग का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 12 खुटेही, वार्ड 11 पंप हाउस, वार्ड 15 व 16 आज़ाद नगर तथा वार्ड 14 संजय नगर क्षेत्रों से दूषित पानी की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जहां प्राथमिकता के आधार पर पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य कराया जाएगा।